## ओवरब्रिज-पुलिया बनने की कीमत चुकाते राहगीर

### परिवर्तित मार्ग की हालत खस्ता, गिर कर चोटिल हो रहे लोग





**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** फ्लाई ओवरब्रिज का काम चालू है। इसके साथ साथ पंचशील कॉलोनी पहुंच मार्ग की पुलिया का निर्माण भी चल रहा है। जो परिवर्तित मार्ग बनाया गया है वह राजू बिहारी के घर के सामने इतना खतरनाक हो गया है कि आए दिन वहां एंबुलेंस फंस रही है एवं राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

पानी की टंकी के सामने सड़क दलदल में तब्दील हो गई है जिससे स्लिप होकर लोग गिर रहे हैं और रोड इतनी ऊबड खाबड हो गई है धीरे चलने की वजह से ट्रैफिक जाम लग रहा है। सड़क निर्माण कंपनी लगातार लापरवाही पूर्ण कम कर रही है। इस और ना तो शासन प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही जनप्रतिनिधि इस और ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रवासियों की जान संकट में आ रही है।

अनेकों बार सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों ने अपनी नाराजगी भी जाहिर की है किंतु स्थानीय प्रशासन का नकारापन आमजन की जान से खिलवाड़ करने जैसा नजर आ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से ओवर ब्रिज निर्माण कार्य और पंचशील कॉलोनी पुलिया निर्माण कार्य के दौरान की जा रही लापरवाही पर लगाम कसने की मांग की है।

**क्या कहते हैं अधिकारी** – पानी के टंकी के सामने जो गड्ढा हो गया है वह नगर पालिका की पाइप लाइन लीकेज की वजह से हो रहा है अस्पताल एवं पंचशील पहुंच मार्ग की समस्या को हम दिखा देंगे ।

**रंजीत सिंह,** इंजीनियर एमपी आरडीसी सड़क निर्माण कंपनी

## जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्यो को मिल रही गति

**सिवनी, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सभी विकासखंडों में कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोड़ने के लिए दीवार लेखन, नारे, रैलियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं। इसी क्रम में 9 अप्रैल को विकासखंड सिवनी के ग्राम पंचायत खाम खरेली, करकोटी, डोरलीछतरपुर, बांकी, बखारी एवं बंडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव



**चौरई, देशबन्धु।** जैन धर्म के वर्तमान शासक 24 तीर्थकरों में अंतिम तीर्थकर भगवान महावीर की जन्म जयंती चौरई जैन समाज ने धूमधाम से मनाई सुबह प्रति दिन की भांति भगवान महावीर जी का पूजन अभिषेक शांति धारा अत्यंत उत्साह के साथ सम्पन्न हुई फिर भगवान जी नगरवासियों को दर्शन देने स्वयं रथ पर सवार होकर विशाल शोभा यात्रा के साथ निकले रास्ते मे सभी जैन परिवारों ने श्री जी की अगवानी कर पूजन किया करीब 11 बजे शोभा यात्रा वापिस मंदिर जी मे आयी यंहा भगवान महावीर जी का अभिषेक किया गया शाम 7 बजे शांतिनाथ धर्मशाला में महा आरती का आयोजन पुण्य परिवार की अगवाई में किया गया फिर बालक महावीर का पालन झुलाई सभी उपस्थित जैन महिला पुरषों ने की उपरांत श्रवण संस्कार सांगानेर की शाखा चौरई के बच्चों एवम समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुंदर प्रदर्शन किया गया ।

बाहर से आये विद्वानों एवम लगाए गये शिविर के प्रतिभगियों को मंच से सम्मनित किया गया।

इसके पूर्व 9अप्रेल को शांतिनाथ जैन परवार धर्मशाला में सामूहिक रूप से रात्रि 8 बजे से महामंत्र का जाप किया गया साथ ही भैया जी के प्रवचन हुए समस्त कार्यक्रमो में सम्माज के सकल पुरुष महिलाएं युवक यवतियो ने अपनी सहभागिता दी।

## सार-समाचार

### प्याऊ का शुभारंभ



**करेली, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा प्रतिवर्षानुसार 10 अप्रैल 2025 गुरुवार को नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका करेली के द्वारा अभी शहर के चार जगह पर प्याऊ का शुभारंभ स्टेट बैंक आफ इंडिया के सामने,पुलिस थाने के सामने,सरकारी अस्पताल के अंदर,बरमान चौराहा में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ के माध्यम से गर्मी के संपूर्ण सीजन में लोगों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर एवं समस्त पार्षद गण नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि गण की उपस्थिति में प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

### केवलारी विधायक ने जांच दल के साथ भीमगढ़ डेम एवं टेल क्षेत्र का दौरा किया



**छपारा, देशबन्धु ।** केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह के द्वारा विगत दिनों पूर्व विधानसभा सत्र के दौरान सदन में केवलारी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत भीमगढ़ डेम से सिंचित टेल क्षेत्र में पानी न मिलने के कारण सूखी (ख़राब) फसलों की जांच कराये जाने एवं किसानों को उचित मुआवज़ा राशि प्रदान किए जाने की मांग को लेकर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के निर्देश पर जांच दल गठित किया गया है। जिसमे जांच दल के साथ आज 10 अप्रैल को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने भीमगढ़ डेम का निरीक्षण किया, एवं बांध की वस्तुस्थिति से अधिकारियों को अवगत कराया। एवं आगामी स्थिति में पानी की समस्या को देखते हुए बांध के गहरीकरण एवं जल्द ही नहरों के सीमेंटीकरण कराये जाने की बात रखी। तत्पश्चात् विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने जांच दल के साथ टेल क्षेत्र विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पानी न मिलने के कारण ख़राब हुई फसलों का निरीक्षण किया। एवं पीड़ित किसानों को जांच उपरांत शत प्रतिशत मुआवजा राशि बनाई जाकर किसानों को राहत राशि प्रदान कराये जाने हेतु बात रखी। जांच दल में कार्यपालन यंत्री गण राजेश धमजेसर, रवि जैन, वीरेन्द्र शाह, विनोद उइके, एस.डी.ओ मर्सकोले जी, के.के सनोडीया जी समेत जल संसाधन विभाग के समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## करेली में पुन: प्रारंभ हुआ सिंचाई डिवीजन कार्यालय

**करेली, देशबन्धु।** नर्मदा नदी पर बने बरगी डेम से किसानों के खेतों में जलापूर्ति के लिए नहरे बनाई गई है। करेली मे लंबे समय तक रहने के बाद विगत कुछ वर्षों से बरगी का डिवीजनल कार्यालय बन्द कर इसे नरसिंहपुर स्थानांतरित कर दिया गया था। इससे किसानों में आक्रोश था। वह परेशान भी हो रहे थे।

जब यह मामला मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल व पूर्व विधायक जालमसिंह पटेल के संज्ञान में आया तो उन्होंने त्वरित पहल करते हुए इसे वापिस करेली में स्थापित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

**कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल व जालम सिंह पटेल के प्रति जताया आभार**

किसानों के हितों के लिए बनाई गई सिंचाई परियोजना के अंतर्गत कृषकों को जल की पूर्ति करने के उद्देश्य से नहर के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है करेली सहित आसपास के ग्राम के किसानों के लिए करेली डिवीजन का कार्यालय संचालित किया जाता था लेकिन विगत वर्षों से यह नरसिंहपुर से संचालित हो जा रहा था। जिससे स्थानीय किसानों को बड़ी समस्याओं का सामना कर पड़ रहा था।

जिसको लेकर कई बार किसानों ने कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल को अवगत कराया जिसपर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए जल संसाधन विभाग एवं मंत्रालय में पत्राचार के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराते हुए करेली में बंद हुए डिविजन कार्यालय पुन: प्रारंभ करवाया जिससे स्थानीय कृषकों को सिंचाई परियोजना का लाभ मिल सकेगा उनकी इस पहल पर करेली में पुन: डिविजन कार्यालय प्रारंभ हो सकेगा।

इस कार्य के लिए स्थानीय कृषकों एवं ग्रामवासियो ने कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया।

विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि किसान बधुओं ने पुन: डिवीजन कार्यालय प्रारंभ होने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि जागरूक एवं कार्यशील रहे तो जनता के हितों के कार्य सदैव पूर्ण होते है।

## स्थापना दिवस पर भाजपा मंडल में कार्यक्रम



**छपारा, देशबन्धु ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा छपरा मंडल में 6 अप्रैल स्थापना दिवस से 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।

सर्वप्रथम 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस के अवसर पर सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाया 8 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने व्यायाम शाला परिसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पूरे परिसर में साफ सफाई की। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात की।

आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल परिसर पशु चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया एवं वहा की समस्याओं से रूबरू होकर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह द्वारा स्थानीय प्रशासन को अवगत करवाया गया। इसी प्रकार 9 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का केवलारी विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय सदस्यों का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंडल के सक्रिय सदस्यो पदाधिकारी ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

इसी तरह 10,11, 12 ,13,14 अप्रैल तक विविध कार्यक्रम किया जाना है जिसमें जल स्त्रोतों निकायों की साफ सफाई झंडा यात्रा चौपाल कार्यक्रम लोकतंत्र सेनानियों और कर सेवाको का सम्मान, सामाजिक नेताओं के घर पहुंच कर उनसे मुलाकात एंव डां भीमराव अम्बेडकर जी की जैयती का कार्यक्रम समिल है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कार्यक्रम प्रभारी की नियुक्ति की गई है सभी प्रभारी कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रयास में जुटे हैं जिसमें मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नगर परिषद अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह चेतराम डेहरिया सोहन कश्यप राघवेंद्र पाठक सुनील पाठक युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चक्र सिंह पार्षद धर्मेंद्र जैन पार्षद राकेश भारद्वाज पार्षद दिनेश उनके शुभम सिंह सार्थक अग्रवाल शशि जगदीश नागेश विशाल सिंह शिंवनीता जितेंद्र राजपूत निर्मला पप्पू ठाकरिया मोनू कोस्टा पार्षद आदि पदाधिकारी उक्त कार्यक्रमों में विशेष भूमि का का निर्वहन कर रहे हैं जो सराहनीय है।

## होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हेनीमेन के जन्मदिन पर शिविर आयोजित



**पीपलानारायणवार, देशबन्धु।** ग्राम रिधोरा में आज 10 अप्रैल 2025 विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में जिला आयुष अधिकारी डॉ दत्तात्रेय भदाडे के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा द्वारा थीम होम्यो परिवार सर्व जन स्वास्थ्य वन हेल्थ वन फैमिली अंतर्गत मेगा होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत रिधोरा में किया गया । होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हेनीमेन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया ।

सरपंच प्राची कैचे उपसरपंच अमोल रंगारे के द्वारा किया गया डॉ सोना नाग शिववेदी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया डॉ सोना ने बताया कि होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुएल हेनीमेन के जन्मदिन को प्रति वर्ष 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप मे मनाया जाता हैं होम्योपैथी एक प्राकृतिक एवं सरल चिकित्सा पद्धति है यह रोग के साथ साथ रोगी को संपूर्ण रूप से स्वास्थ्य प्रदान करती हैं यह पद्धति से इलाज हर वर्ग के लिए सुरक्षित हैं प्रकृति से जुड़ाव और जागरूकता हेतु उपस्थित गणमान्य नागरिको को पौधा उपहार स्वरूप दिया गया शिविर में कुल लोग 267 लाभान्वित हुए औषधालय स्टॉफ छाया मरकाम अशोक लवाले सीता पवार लक्ष्मी देशमुख रामेश्वरी सनेश्वर एवं बबलू कैचे आदि लोग उपस्थित रहे।


## मासिक सैनिक सम्मेलन 15 को

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का ''मासिक सैनिक सम?मेलन'' दिनांक 15 अप्रैल 2025 को प्रात: 11 बजे कार्यालय भवन, इंद्रहंस नगर, फेस-।। प्लाट नं. 33 हाउस नं.1297, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

सिवनी एवं बालाघाट जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को मासिक सैनिक सम्मेलन में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को जिला सैनिक कल्याण, अधिकारी, कर्नल, अमरेन्द्र कुमार दास को अवगत करा सकते हैं।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी नक्षत्र-उ.फा.।**




**मेष**

आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।





**वृषभ**

आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।




**मिथुन**

दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार `क-




आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क**

आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।




**सिंह**

आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।





**कन्या**

शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण




किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है।

**तुला**




गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।


**वृश्चिक**




आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**


आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।




**मकर**




आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है।




**कुंभ**

प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने म.

## तामिया-पातालकोट में होगी तेलगू फिल्मों की शूटिंग



**तामिया, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल और जिला प्रशासन के सहयोग से तामिया-पातालकोट सहित जिले के अन्य दर्शनीय स्थलों पर दो तेलगू फिल्मों की शूटिंग होने जा रही है। दोनों फिल्मों की शूटिंग के लिए लोकोशन तय हो चुकी हैं और प्रशासन से अनुमति के बाद अगले सप्ताह तेलगू कलाकार छिंदवाड़ा आएंगे और करीब 25 दिनों तक शूटिंग में भाग लेंगे।

इन फिल्मों में 150 से अधिक स्थानीय कलाकारों व तकनीकि युवाओं का सहयोग लिया जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। शूटिंग की अनुमति का पत्र जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार ने आरबीजी मूवीज के महाप्रबंधक पुरषोत्तम भारद्वाज को प्रदान किया। इस अवसर पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी भी उपस्थित थे।

जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत ने बताया कि कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार, एडीएम केसी बोपचे के विशेष प्रयासों से दोनों फिल्मों की शूटिंग की अनुमति रिकार्ड समय में प्रदान की गई है। दोनों फिल्मों की 80 प्रतिशत शूटिंग तामिया-पातालकोट और चिमटीपुर में सहित अन्य स्थलों पर होगी। जिला प्रशासन ने फिल्म बनाने वाली टीम को जिले में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित होम स्टे में शूटिंग के लिए अनुरोध किया।

इस पर पर्यटन ग्राम काजरा और चिमटीपुर के होम स्टे भी शूटिंग की लोकेशन में शामिल किए गए हैं। दोनों तेलगु फिल्मों में कार्य करने के लिए करीब 30 कलाकार हैदराबाद से आएंगे और 150 से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाकर फिल्मों से जोड़ा जाएगा।

मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार के साथ मध्य प्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना, तथा फिल्म निर्माण संबंधी आधारभूत ढांचे में निवेश आकर्षित करना है।

## पेंशनर्स समाज का वार्षिक सम्मेलन आयोजित




**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** स्थानीय श्रद्धा लॉन में मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज तहसील शाखा जुन्नारदेव का वार्षिक सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया।

सरस्वती मां के छाया चित्र पर छिंदवाड़ा से पधारे अतिथि पेंशनस समाज के जिला अध्यक्ष एसडी तिवारी, उपाध्यक्ष बी के एस परिहार, डीएस मौर्य द्वारा सरस्वती पूजन के पश्चात कार्यक्रम आरंभ किया गया ।

कार्यक्रम के आरंभ में सुधीर मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना एवं मप्र गान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

स्थानीय कार्यकारणी अध्यक्ष जे एल अहाके, उपाध्यक्ष पूरनलाल धुर्वे के साथ कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील उइके विधायक (जुन्नारदेव) का जोरदार स्वागत किया। विधायक ने सभी बुजुर्ग शिक्षकों एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों का पुष्प माला एवं शाल श्रीफल से आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात विधायक का उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम स्थल पर जुन्नारदेव क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं स्थानीय पत्रकार उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में पेंशनधारियों की समस्या से संबंधित कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा, ओपी सोनी , नीरज दुबे, अवधेश विश्वकर्मा, पी के एस अमूल्ये, हरीश पाण्डे, बीआर जामगड़े, ओपी नामदेव का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एएन चौहान एवं आभार प्रदर्शन अवधेश विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।